# सीएम को दिया मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का निमंत्रण



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पावन धाम आश्रम की संचालक गीता भवन ट्रस्ट सोसाइटी के प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें आगामी गंगा दशहरा के अवसर पर हरिद्वार आने का निमंत्रण दिया और आश्रम के किये जा रहे लोक कल्याण के कार्यों से भी अवगत कराया।संस्था के महामंत्री सुनील गर्ग और कंट्रोलर ट्रस्टी अंशुल श्रीकुंज ने बताया की आगामी 30 मई को गंगा दशहरे के दिन पावन धाम आश्रम में मां गंगा की दिव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरिद्वार सांसद, कई विधायकों सहित अनेक गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा अनेक संत महात्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।
गौरतलब है कि पावन धाम आश्रम का शीश महल मंदिर हरिद्वार का एक प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु कांच के मंदिर के दर्शन करने आते हैं। गर्ग और अंशुल ने बताया कि मंदिर में कई देवी-देवताओं की भव्य मूर्तियां स्थापित हैं। इसी क्रम में माँ गंगा की भव्य मूर्ति स्थापित की जा रही है। मूर्ति को जयपुर के कारीगरों ने बनाया है।
मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान टिहरी से भाजपा विधायक किशोर उपाध्याय भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने "शियुं छ धामी' वीडियो एलबम को सुशीला बलूनी को किया समर्पित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने नेता रवि कुमार जैन के लिखित गीत वीडियो गीत ह्यशियुं छ धामीह्ल का विमोचन किया। इस गीत को उन्होंने राज्य राज्य आंदोलनकारी सुशीला बलूनी को समर्पित किया।
उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष,पूर्व पार्षद ऋषिकेश व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता रवि कुमार जैन द्वारा लिखित ह्यशियुं छ धामीह्ल एलबम को राज्य की अग्रणी आन्दोलनकारी सुशीला बलूनी को समर्पित किया गया।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि रवि जैन ने इस गीत के माध्यम से पूरे प्रदेश की पीड़ा को सुंदर ढंग से उजागर करते हुए भाजपा की राज्य सरकार के काले कारनामों को एक गाने में पिरोने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की धामी सरकार ने जिस प्रकार राज्य के अन्दोलनकारियों, नौजवानों और युवाओं को छला है जनता इसका बदला भाजपा से जरूर लेगी। आन्दोलनकारियों को समर्पित यह गाना उत्तराखंड की आवाज बनेगा।
कांग्रेस नेता रवि कुमार जैन ने बताया कि, देवभूमि उत्तराखंड विश्व में प्रसिद्ध है और राज्य निर्माण के आन्दोलनकारियों की धरोहर है।

# भतीजे को चाचा ने उतारा मौत के घाट

## -पुलिस टीम को ढाई हजार इनाम की एसपी ने की घोषणा

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के थराली विकास खंड के बैनोली गांव में एक नेपाली मूल के व्यक्ति ने अपने रिश्ते के भतीजे को सिर पर लकड़ी की फंटी मार कर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था, जिसे मंगलवार की देर रात को थराली पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया है। घटना का अनावरण करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने ढाई हजार के इनाम की घोषणा की है।
बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि बीते 29 अप्रैल को थराली के ग्राम सभा बैनोली के पटवारी क्षेत्र में रात्रि को नेपाली मूल के मन बहादुर की हत्या के आरोप में भक्त बहादुर उर्फ भरत पर राजस्व पुलिस में



**टीम ने साक्ष्यों को एकत्र कर मंगलवार की सायं थराली के कुराड जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया**

एक मामला पंजीकृत किया गया था। इसे बाद में सात मई को नियमित पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया।
पुलिस के पास मामला आने के बाद उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक थराली देवेंद्र सिंह रावत को सौंपी। टीम ने साक्ष्यों को एकत्र कर मंगलवार की सायं थराली के कुराड जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवान ट्रस्ट ने "युवान गुरुकुल" वेबपोर्टल लॉन्च किया

**देहरादून।** युवान रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट (युवान आर0 एंड ई0 ट्रस्ट के रूप में भी जाना जाता है) देहरादून स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है जो पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। युवान आर0 एंड ई0 ट्रस्ट एक आई0 एस0 ओ0 9001: 2015 प्रमाणित संगठन है जिसे जुलाई 2021 में कोरोना लॉकडाउन के दूसरे चरण के दौरान महामारी के कारण सीखने में कठिनाइयों का सामना कर रहे शिक्षकों और छात्रों की मदद करने के लिए मजबूत सिद्धांतों के साथ स्थापित किया गया था। महामारी के बाद, संगठन आईटीसी (सूचना प्रौद्योगिकी और संचार) प्रशिक्षण की पेशकश, आधुनिक आईटीसी शिक्षण सहायक उपकरण विकसित करके और प्रौद्योगिकी-संचालित परिवर्तनों को पेश करके शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए काम करता है। ट्रस्ट के उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं, विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों के साथ संगठन एक स्थायी भविष्य की दिशा में काम कर रहा है। युवान गुरुकुल ऑनलाइन पोर्टल देहरादून के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विकसित किया गया है। फार्मास्युटिकल, लाइफ साइंस, डेटा साइंस, शिक्षा आदि जैसे विभिन्न उद्योगों के पेशेवरों ने उपयोगकर्ता अनुभव को अंतिम रूप देने में अपनी विशेषज्ञता साझा की। युवान गुरुकुल भारत का अपनी तरह का पहला ऑनलाइन पोर्टल है जो शिक्षकों के लिए बनाया गया है जो एनिमेटेड वीडियो कोर्स, विषयवार नोट्स, माइंड मैप, प्रश्न और उत्तर सेट, पावर-पॉइंट प्रस्तुतियों और बहुत सारी रचनात्मक शिक्षण सहायक सामग्री तक शिक्षकों को मुफ्त पहुँच प्रदान करता है, जो वह दैनिक शिक्षाओं में सुधार करने के लिए उपयोग कर सकते है। युवान गुरुकुल द्वारा नई शिक्षा नीति की बदलती जरूरतों के अनुसार सभी अध्ययन सामग्री और शिक्षण सहायक सामग्री का सावधानीपूर्वक चयन किया गया है।
छात्रों के लिए, युवान गुरुकुल अद्भुत लाभकारी है, यह अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शैक्षिक सामग्री, स्व-शिक्षण कौशल पाठ्यक्रम और शिक्षकों द्वारा तैयार और प्रकाशित अध्ययन सामग्री खरीदने के लिए एक ऑनलाइन स्टोर प्रदान करता है। युवान गुरुकुल के माध्यम से, एक छात्र अपने पास के इलाके में एक संबद्ध शिक्षक का पता लगा सकता है जो हमारे विशेष शिक्षण साधनों का उपयोग करके पढ़ा रहा है और हमारे पोर्टल पर पंजीकृत हैस विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को क्रैक करने के उद्देश्य से पढ़ रहे छात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए, युवान आर0 एंड ई0 ट्रस्ट ह्लयुवान इनसाइट्सह्ल नामक एक करंट अफेयर्स पत्रिका लेकर आ रहा है, जिसका पहला संस्करण मई 2023 के अंत तक प्रकाशित हो जाएगा। जिसमें करंट अफेयर्स, विस्तृत समाचार विश्लेषण और छात्रों के बीच एसटीईएम- विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मार्गदर्शन लेख और कुछ विशेष लेख प्रकाशित होंगें। युवान गुरुकुल का संचालन 26 वर्षीय अभिनव गौड़ कर रहे हैं, वह देहरादून के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्कूल में शिक्षक हैं, सामाजिक कार्य के लिए मानद डॉक्टरेट पुरस्कार और भारत का गौरव पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं, उनका नाम इनसाइट सक्सेस पत्रिका द्वारा 30 अंडर 30 वर्ग में सूचीबद्ध भी किया गया था, जबकि युवान गुरुकुल का संचालन हिमांशु थपलियाल सह-प्रबंधित करते हैं, वे भी पेशे से एक शिक्षक हैं, वे उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में छात्रों को होने वाली कठिनाइयों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, वे ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की जड़ें जमाने का काम पिछले कई वर्षों से कर रहे ।

### मेकमाईट्रिप ने माईक्रोसॉफ्ट के साथ की साझोदारी

**देहरादून।** मेकमाईट्रिप ने एक बड़ी पहल करते हुए माईक्रोसॉफ्ट के साथ साझोदारी की है ताकि भारतीय भाषाओं में वॉईस असिस्टेड बुकिंग की मदद से अपने ग्राहकों के लिए ट्रैवल प्लानिंग को ज्यादा समावेशी और सुलभ बनाया जा सके यह नया इनप्लेटफॉर्म टेक संग्रह माईक्रोसॉफ्ट एज्योर ओपन एआई सर्विस और एज्योर कॉग्निटिव सर्विसेज द्वारा पॉवर्ड है और ग्राहकों के साथ संवाद करके उन्हें उनकी पसंद के अनुरूप पर्सनलाईज्ड ट्रैवल ऑप्शन प्रदान करता है प्रयोजन बजट पसंद की गतिविधि यात्रा के समय आदि विभिन्न इनपुट्स के आधार पर होलिडे पैकेज तैयार करता है, और ये होलिडे पैकेज बुक करने में मदद भी करता है। यह देश में हर वर्ग और श्रेणी के लोगों के लिए ऑनलाईन ट्रैवल का परिवेश खोल देगा।

## पानी के बिल वसूली की 77 आरसी स्थगित की

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
सीएम स्तर से टिहरी के पेयजल उपभोक्ताओं के बिलों को माफ करने को लेकर चल रही कार्रवाई के बीच जिला प्रशासन ने 77 पेयजल उपभोक्ताओं को जारी की गई आरसी स्थगित करने के तहसीलदार टिहरी को निर्देश दिये।
भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने जिला प्रशासन की ओर से जारी एडीएम केके मिश्र के जारी पत्र का हवाला देते हुए बताया कि बांध विस्थापित शहर टिहरी में बांध विस्थापन प्रभावितों के चलते पानी के बिल देयकों को माफ और संशोधन करने को लेकर सीएम स्तर पर उच्चाधिकारियों से वार्ता जारी है।

# घर में पुताई करने वाला नसीम ही निकला महिला का हत्यारा

**हत्या से पूर्व महिला के घर में चोरी किए सामान को भी पुलिस ने आरोपित के पास से बरामद कर लिया है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने 48 घंटे के अंदर की बुजुर्ग महिला की गुमशुदगी की मर्डर मिस्ट्री का खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या से पूर्व महिला के घर में चोरी किए सामान को भी पुलिस ने आरोपित के पास से बरामद कर लिया है। आरोपित पुताई का काम करता है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान



कर दिया है।
मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पीठ बाजार ज्वालापुर निवासी निखिल कुमार ने 8 मई को अपनी माता सुनीता देवी के बिना बताए कहीं चले जाने के संबंध में कोतवाली ज्वालापुर पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।
मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस महिला की तलाश में जुटी थी। इसमें पुलिस के लिए सीसीटीवी फुटेज मददगार साबित हुई, जिसमें लापता महिला 8 मई को सुबह लगभग 08 बजे एक सफेद ई रिक्शा में एक व्यक्ति के साथ बैठ कर जाती हुई दिखाई दी।
सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम को ई रिक्शा चालक की जानकारी से पता चला कि उसने महिला और उसके साथ बैठे एक व्यक्ति को ई रिक्शा से पथरी रोह पुल के पास छोड़ा था, जिन्हें रिक्शा चालक का नम्बर लेकर वहीं पर इंतजार करने को कहा था।एसएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने उक्त महिला और उसके साथ जाने वाले व्यक्ति की कॉल डीटेल की जानकारी की तो दोनों का आपस में बातें करना पाया गया। दोनों की लोकेशन पथरी रोह पुल के पास होने पर शक गहरा गया। इसके बाद बीती 9 मई को एक अज्ञात महिला का शव सोनाली पुल के पास मिला, जिसकी शिनाख्त अरविन्द कुमार ने अपनी माता के रूप से की।
पुलिस टीम ने सर्विलान्स की मदद से आरोपित नसीम पुत्र मीर हसन निवासी पांवधोई को बाल्मिकी बस्ती ज्वालापुर से दबोचा लिया। आरोपित ने पुलिस पूछताछ में सुनीता की नहर में धक्का देकर हत्या करने की बात कबूली।
पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर घर से चोरी किए गये जेवर और घटना वाले दिन सुनीता देवी से उतारे गये जेवर व अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने मुकदमे में धारा 302 की बढ़ोतरी कर आरोपित का चालान कर दिया है।

# दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में आयोजित मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम ने भक्तों की आध्यात्मिक जिज्ञासा को पुनर्जीवित किया

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** **भक्तों** में आध्यात्मिक ज्योति को पुनः जाग्रत करने हेतु, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आत्म विभोर करती रचनाओं व तथ्यात्मक प्रस्तुतियों का सुंदर मिश्रण देखा गया।
डीजेजेएस प्रवक्ताओं ने समझाया कि गुरु द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिबद्धता, निष्ठा व श्रद्धा दृढ़ विश्वास व समर्पण की नींव से प्रस्फुटित होती है। ह्यब्रह्मज्ञानह्ल का परम विज्ञान हमें

**हमारी इच्छाशक्ति को विकसित कर वस्तुत: विश्व शांति के लक्ष्य में हमारे योगदान को सशक्त करती है**

अन्तर्जगत की गहराइयों में उतरने में सक्षम बनाता है ताकि हम अपनी पूर्ण क्षमता द्वारा सर्वोच्च रूपांतरण के परम लाभ को प्राप्त कर सकें।
ध्यान मन व आत्मा का आंतरिक संघर्ष है, जिसमें प्राप्त एक छोटी सी विजय भी हमारी इच्छाशक्ति को विकसित कर वस्तुतः विश्व शांति के लक्ष्य में हमारे योगदान को सशक्त करती है। कार्यक्रम को सारांशित करते हुए गुरुदेव के शिष्यों ने कहा कि हमें अपने परम दयालु गुरु श्री आशुतोष महाराज जी का आभारी होना चाहिये, जिनकी हमारे जीवन में अलौकिक उपस्थिति एक वरदान व अपार संतुष्टि का स्रोत बनकर आयी है। कार्यक्रम की उत्साहपूर्ण तरंगों ने श्रोताओं के विचलित मन को तनाव व त्रास से उबारने का कार्य किया। उपस्थित सभी भक्तों को दृढ़ता व सजगता से आध्यात्मिक पथ पर चलते रहने के सकारात्मक संदेश से कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बाल कल्याण समिति ने बाल आश्रय गृह का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
बाल कल्याण समिति सदस्य पुष्पा कांडपाल और विनोद टम्टा ने धरोहर बाल आश्रय गृह का निरीक्षण किया। यहां डे केयर सेंटर में 25 बच्चे उपस्थित मिले। संस्था सचिव प्रकाश पांडेय ने कहा कि यहां पर क्लास रूम, किचन, शौचालय, बिस्तर, भोजन की गुणवत्ता, डे केयर सेंटर संबंधित सभी दस्तावेज की जांच की गई। संस्था बच्चों को कविता, गणित आदि का अध्ययन करा रही थी। धरोहर बाल आश्रय गृह में विभिन्न मजदूर बस्ती के बच्चे अध्ययन करते हैं। यहां पुष्पा पांडे, किरण, दीपा, पूनम, कमला आदि रहे।

## विधायक मदन कौशिक ने कार्यकर्ताओं के साथ देखी द केरल स्टोरी मूवी




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व नगर विधायक मदन कौशिक आज कई कार्यकताओं के साथ ह्यद केरल स्टोरीह्ल देखने के लिए सिडकुल स्थित पेंटागन मॉल के वेब सिनेमा में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कोई आम फिल्म नहीं है। यह एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म है, जो आतंकी साजिश का पदार्फाश करती है। जिस प्रकार से केरल में जो घटना घटी है, जो आतंकवाद बढ़ा है जिससे सामान्य जन प्रताड़ित हुए उन सारी चीजों को समाहित करने का प्रयास इस फिल्म में किया गया है।
मदन कौशिक ने कहा कि जिस तरह से कश्मीर फाइल्स फिल्म को सभी ने देखा था कि वहां किस प्रकार आंतकवादियों ने आंतक फैलाया। निर्दोष लोगों की हत्या की, प्रताड़ित किया, उसी तरह इसमें भी केरल की सत्य घटना को समाहित किया गया उन्होंने सभी आम जनमानस से आह्वान किया कि सभी लोगों को परिवार के साथ जाकर इस फिल्म को देखना चाहिए और देश के कई प्रांतों में जो स्थितियां आज घट रही हैं उसकी जानकारी भी आज की युवा पीढ़ी को होनी चाहिए, ताकि वह सच उनके सामने आ सके।
भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक के साथ महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष भी महिला मंडल के साथ द केरल स्टोरीह्ल मूवी को देखने के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज महिलाओं के द्वारा इस पिक्चर को देखा जाएगा उसके बाद अपनी बेटियों कोई पिक्चर दिखा कर अपने समाज और संस्कृति के लिए जागरूक करेंगे।
इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, तरुण नैय्यर, राजेश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष सुनील अग्रवाल गुड्डू, अनिरुद्ध भाटी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनु कक्कड़, संगीता गिरी, पारुल चौहान, पार्षद मोनिका सैनी, सपना शर्मा, अनिल पुरी डॉक्टर, विशाल गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# गंगा की सहायक सुसवा नदी में चलाया स्वच्छता अभियान

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
स्वजल परियोजना देहरादून की ओर से नमामि गंगे ग्राम पंचायत लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट कार्यक्रम के दौरान गंगाजी की सहायक सुसवा नदी में स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिलाधिकारी देहरादून की अध्यक्षता में गठित जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य पर्यावरण सचेतक विनोद जुगलान ने स्वयं नदी में प्रवेश कर छात्रों के साथ स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी माफी के छात्र छात्राओं स्वच्छता अभियान से पूर्व जनजागरूकता रैली निकाली।



इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण सचेतक विनोद जुगलान ने गोहरी माफी में गंगाजी की सहायक नदियों में आसपास के ग्रामीणों के कूड़ा विसर्जित किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे योजना के तहत सम्मिलित ग्राम पंचायतों में इस तरह नदियों में प्लास्टिक और अन्य कूड़ा फेंका जाना न केवल जलीय जीवों के जीवन के प्रति संकट को उत्पन्न करता है बल्कि गंगाजी के प्रति श्रद्धा रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाला दण्डनीय अपराध भी है।
ग्राम पंचायतों को कूड़ा निस्तारण के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि जागरूकता के बावजूद भी गंगाजी की सहायक नदियों को कूड़ा डालकर गन्दा करने वालों का चालान काटने की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन को करनी चाहिए। गंगा नदी मात्र नदी हमारी सांस्कृतिक विरासत भी हैं। इसकी सहायक नदियां जल संवाहिकाएं हैं जो हमें जल जीवन प्रदान करती हैं। गाड़ गदेरे बचेंगे तो सदानीरा गंगा का अस्तित्व बचा रहेगा। उन्होंने कहा कि गांवों की स्वच्छता में ग्राम प्रधान और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।
जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता जनजागरूकता में प्रमुखता से आगे आना चाहिए।

# ताईजी के रूप में भी जानी जाती थीं सुशीला बलूनी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड पृथक राज्य निर्माण आंदोलन में सुशीला बलूनी की अहम भूमिका रही। सुशीला बलूनी अपनी सामाजिक, राजनीतिक यात्रा में राज्य से जुड़े विषयों को लेकर प्रमुखता से मुखर रहीं। उनकी छवि एक जुझारू, संघर्षशील और ईमानदार महिला नेत्री की रही है। उत्तराखंड में ताईजी के रूप में भी उन्हें जाना जाता रहा है।
बुधवार को अंतिम यात्रा उनके आवास से प्रातः 10 बजे शुरू होगी और कचहरी स्थित शहीद स्थल पर पार्थिव शरीर को अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद हरिद्वार में अंतिम संस्कार होगा।



बलूनी के तीन पुत्र विनय बलूनी, संजय बलूनी और विजय बलूनी और एक बेटी शशि बहुगुणा है। एडवोकेट सुशीला बलूनी 1980 के समय से हेमवती नंदन बहुगुणा के पौड़ी गढ़वाल लोक सभा चुनाव से राजनीति में सक्रिय रहीं और बहुगुणा के प्रबल समर्थकों में से थीं। भाजपा और उत्तराखंड क्रांति दल से भी जुड़ी रहीं।
देहरादून मेयर का चुनाव भी लड़ा लेकिन चुनाव नहीं जीत पाईं। वह उत्तराखंड आंदोलनकारी सम्मान परिषद की अध्यक्ष और उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष पद पर भी रहीं।
कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने सुशीला बलूनी के बकरालवाला स्थित आवास पर पहुंच कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके परिवारजनों को सांत्वना दी। सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि अपने छात्र राजनीति के दिनों से ही बलूनी के साथ स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा के नेतृत्व में काम किया और बहुगुणा के देहावसान के बाद जब उत्तराखंड में जनता दल की स्थापना हुई तो विनोद बड़थ्वाल व अनेक नेताओं के साथ उत्तराखंड में जनतादल की स्थापना में बलूनी की भूमिका भी प्रमुख रही। उत्तराखंड में वे जनता दल की संस्थापक सदस्य रहीं। उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सुशील बलूनी ने अहम भूमिका निभाई।
बलूनी संघर्ष की प्रतीक थी
ाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी नेता सुशीला बलूनी के निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि बलूनी संघर्ष की प्रतीक थी और पृथक राज्य आंदोलन में लिए उनका बड़ा योगदान रहा है, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता।
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि स्व. सुशीला बलूनी राज्य आंदोलन में एक मुखर और संघर्षशील योद्धा के तौर पर प्रतिभाग किया और आजीवन उत्तराखंड के विकास के लिए चिंतित और संघर्षशील रही। आजीवन महिलाओं और आम उत्तराखंड वासियों के लिए हमेशा संघर्ष किया।
वित्त और संसदीय मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने राज्य आंदोलनकारी व राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी के निधन को राज्य के लिए दुखद है।

# स्कोडा ऑटो ने भारत में ब्रैंड के विकास को और बढ़ाने के लिए सुरक्षा पर फोकस किया

**टीम एक्शन इंडिया/ देहरादून।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने घोषणा की है कि वह उपभोक्ताओं की सुरक्षा के मद्देनजर अपनी कारों को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित बनाने का अभियान लगातार जारी रखेगी। दुनिया भर में स्कोडा ऑटो की क्रैश टेस्ट्स और सुरक्षा में 50 साल की समृद्ध विरासत है। 1972 में पूर्व चेकोस्लोवाकिया के प्राग-रूजीने में स्कोडा 100 एल का पहला प्रमाणित सेफ्टी टेस्ट किया गया, जो दस्तावेजों में सुरक्षित है। मौजूदा दौर में कंपनी का विश्वस्तरीय और आधुनिक पॉलीगॉन टेस्ट सेंटर उहेलिन्स में है। इस सेंटर को ऑटोमोटिव टेस्टिंग टेक्नोऔलॉजी इंटरनेशनल ट्रेड जर्नल की ओर से 2020 का सर्वश्रेष्ठ क्रैश लैबोरेटरी पुरस्कार मिला। 2008 के बाद से दुनिया के किसी भी हिस्से में बिकने वाली स्कोडा कार को यूरो एनसीएपी की ओर से 5 स्टार की रेटिंग मिली है। स्कोडा की सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड के बारे में बताते हुए स्कोडा ऑटो बोर्ड में मेंबर फॉर टेक्निकल डिवेलपमेंट जोहान्स नेफ्ट ने कहा, अपने वाहनों की प्रत्यक्ष और परोक्ष सुरक्षा में सुधार करने के लिए हम अपनी सारी विशेषज्ञता का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। हमारे शुरूआती मॉडलों में भी उपभोक्ताओं को सफर के दौरान सुरक्षित रखने के लिए कई फीचर्स ऑफर किए गए हैं, जो आमतौर पर उच्च श्रेणी की गाड़ियों में ही मिलते हैं। इसी के साथ हमारी आधुनिक क्रैश लैबोरेटरी पॉलीगॉन उहेल्निस हमें हमारे मॉडलों का सुरक्षा के नजरिए से टेस्टिंग का आदर्श माहौल देती है। इससे हमें किसी गाड़ी के विकास के शुरूआती चरण में अपने नवीनतम आविष्कारों और तकनीक को शामिल करने की इजाजत मिली है।

## श्रीलंका में एशिया कप करवाने का पाकिस्तान ने किया विरोध, अब इस देश में टूर्नामेंट कराने की उठा रहा मांग

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस साल होने वाले एशिया कप का आयोजन श्रीलंका में करवाने का विरोध किया है और अगर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) उसके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करता है तो वह इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से हटने पर गंभीरता से विचार कर सकता है। पीसीबी के प्रमुख नजम सेठी ने दुबई में एशियाई क्रिकेट परिषद के अधिकारियों से मुलाकात की और एशिया कप का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बजाय श्रीलंका में करवाने का विरोध किया।



बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने कहा, ''सेठी ने इस बात पर जोर दिया एसीसी को पाकिस्तान का एशिया कप के लिए संशोधित हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव स्वीकार करना चाहिए और अगर अधिकतर सदस्य चाहते हैं कि इसका आयोजन किसी दूसरी जगह पर होना चाहिए तो फिर यूएई में इसका आयोजन किया जाना चाहिए जैसा कि 2018 और 2022 में किया गया था। उन्होंने कहा, ''सेठी ने बीसीसीआई की एसीसी के सामने रखी गई इन चिंताओं को खारिज कर दिया कि सितंबर में यूएई में काफी गर्मी होती है क्योंकि बीसीसीआई ने 2020 में सितंबर से लेकर नवंबर तक आईपीएल का आयोजन यूएई में ही किया था।'

## मां बनने के बाद स्ट्राइकोवा ने जीता पहला मैच, मेरिना को 3 सेट में हराया

**रोम।** चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने मातृत्व अवकाश से वापसी करते हुए अपना पहला महिला एकल मुकाबला जीता जब उन्होंने यहां इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में मेरिना जानेवस्का को तीन सेट में हराया। सैंतीस साल की स्ट्राइकोवा ने यूक्रेन में जन्मीं बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ 6-1, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। अपने बेटे विन्सेंट के जन्म के कारण स्ट्राइकोवा ने दो साल से भी अधिक समय बाद दो हफ्ते पहले टूर पर मैड्रिड ओपन के साथ वापसी की थी।



मैड्रिड में स्ट्राइकोवा को एकल वर्ग के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था जबकि उन्होंने अपनी जोड़ीदार सीह सू वेई के साथ मिलकर युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। स्ट्राइकोवा अगले दौर में नौवीं वरीय मारिया सक्कारी से भिड़ेंगी। अन्य मुकाबलों में एना ब्लिंकोवा ने मायर शेरिफ को 2-6, 6-2, 6-3 से हराया जबकि नूरिया पैरिजास डियास ने ज्यूल नीमेइर को 4-6, 6-4, 6-2 से शिकस्त दी।

## पांच ओवर में रन नहीं बना पाए', केदार-कार्तिक पर फूटा कप्तान का गुस्सा, बोले- इतने रन से पीछे रह गए

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के 54वें मैच में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बैंगलोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई ने यह लक्ष्य सूर्यकुमार यादव और नेहल वढेरा की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के बदौलत 16.3 में ही हासिल कर लिया। वहीं मुंबई के खिलाफ मिली इस हार के बाद बैंगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसी थोड़े निराश दिखे। उन्होंने मैच के बाद कहा कि इस मुकाबले मे टीम 20 रनों से पीछे रह गई और उन्होंने कहा कि बल्लेबाज आखिरी के पांच ओवरों में उम्मीद के मुताबिक रन नहीं जुटा पाए। डुप्लेसी ने कहा, 'मुझे लगता है कि विकेट के हिसाब से हम कम से कम 20 रन कम रह गए। मुंबई एक मजबूत पीछा करने वाली टीम है और उनकी बल्लेबाजी काफी गहरी है। हम आखिरी पांच ओवरों में रनों की पुंजी नहीं लगा पाए, उन आखिरी पांच ओवरों में रन नहीं मिलने से निराश थे।

## चेम्सफोर्ड वनडे बारिश से धुला, दक्षिण अफ्रीका ने 2023 विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**चेम्सफोर्ड।** चेम्सफोर्ड के काउंटी ग्राउंड में आयरलैंड और बांग्लादेश के बीच मंगलवार को पहला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। नतीजतन, दक्षिण अफ्रीका ने 2023 एकदिनी विश्व कप के लिए सीधी योग्यता हासिल कर ली है, जबकि आयरलैंड को अब क्वालीफायर खेलना होगा।

मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए आई बांग्लादेशी टीम की शुरुआत खराब रही, मार्क अडायर और जोश लिटिल की आयरिश पेस जोड़ी ने चौथे ओवर में ही 14 के कुल स्कोर पर सलामी बल्लेबाजों - तमीम इकबाल और लिटन दास को पवेलियन भेज दिया।जल्दी-जल्दी दो विकेट गिरने के बाद नजमुल हुसैन (44) और शाकिब अल हसन (20) ने पारी को संभालने की कोशिश की और टीम का स्कोर 50 के पार ले गए। 52 के कुल स्कोर पर शाकिब को ह्यूम ने



बोल्ड कर बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। इसके बाद नजमुल और तौहिद हृदय (27) टीम का स्कोर 100 के पार ले गए। हालांकि 102 रनों के कुल स्कोर पर नजमुल और 122 के कुल स्कोर पर तौहिद पवेलियन लौट गए और बांग्लादेश का स्कोर 122 रन पर 5 विकेट हो गया। यहां से मुश्फिकुर रहीम ने 61 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, उनका साथ मेंहदी हसन मिराज (27), तइजुल इस्लाम (14) और शोरिफुल इस्लाम (16) ने अच्छा निभाया और बांग्लादेश की टीम निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 246 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच गई।

## बैडमिंटन एशिया ने उमर राशिद को तकनीकी अधिकारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन एशिया ने बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के संयुक्त सचिव उमर राशिद को अगले दो वर्षों के लिए तकनीकी अधिकारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

बीएआई के साथ अपनी पिछली भूमिका में व्यापक विशेषज्ञता के साथ राशिद इस भूमिका के लिए मूल्यवान अनुभव लेकर आए हैं, जिससे भारत में खेल की और उन्नति सुनिश्चित हुई है। तकनीकी अधिकारियों की समिति के अध्यक्ष के रूप में, रशीद देश भर में बैडमिंटन टूर्नामेंटों में कार्य करने के मानकों को ऊपर उठाने, नियमों और विनियमों के विकास और कार्यान्वयन की निगरानी करेंगे। निष्पक्ष खेल और दक्षता के प्रति उनका समर्पण खेल के विकास और सफलता में योगदान देगा। राशिद ने कहा, बैडमिंटन



एशिया द्वारा तकनीकी अधिकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

मैं खेल की अखंडता को बनाए रखने और सभी टूर्नामेंटों में उच्च-गुणवत्ता के संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं बैडमिंटन के खेल को बढ़ाने के लिए बैडमिंटन एशिया, बीएआई और क्षेत्र के तकनीकी अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने की आशा करता हूं। उमर राशिद असम बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव भी हैं और दो दशकों से अधिक समय से बैडमिंटन प्रशासन से जुड़े हुए हैं।

## सीएसके के खिलाफ हम अपनी अच्छी बल्लेबाजी फॉर्म को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे :अजीत आगरकर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ उतरेगी तो अपनी जीत का सिलसिला बनाए रखना चाहेगी।

मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच अजीत आगरकर ने कहा, पिछले मैच में बल्लेबाजी के प्रदर्शन ने टीम को बहुत आत्मविश्वास दिया है। गेंदबाजी इकाई ने हमें हर बार बेहतर करके दिया है। हमारे बल्लेबाजों ने आरसीबी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। उम्मीद है कि हम यहां से आगे बढ़ सकते हैं। आगरकर ने आगे कहा, सीएसके हमेशा एक कठिन प्रतिद्वंद्वी है। उन्होंने बहुत सारे खिताब जीते हैं और वे घर में वास्तव में अच्छा खेलते हैं। वे इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरी टीम क्या करती है अगर हम अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हमें निश्चित रूप से समूह में बहुत विश्वास है।

इस बीच, दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा, पांच मैचों में चार जीतने के बाद खिलाड़ी खुद पर विश्वास कर रहे हैं। यह आश्चर्यजनक है कि हमने खराब शुरुआत के बाद वापसी की है। लेकिन हमें वर्तमान पर ध्यान देना होगा। हमारे पास चेन्नई में सीएसके के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच आने वाला है।

आमरे ने यह भी कहा कि आरसीबी के खिलाफ एक व्यापक जीत हासिल करना महत्वपूर्ण था,उन्होंने कहा, हम क्रिकेट के उस ब्रांड को खेलना चाहते हैं जो हमने अपने आखिरी गेम में दिखाया था। आरसीबी के खिलाफ मैच ने हमारे लिए गति निर्धारित की और फिर अन्य सभी बल्लेबाजों ने लय को आगे बढ़ाया। हमारे लिए एक गेम जीतना महत्वपूर्ण था।

## गेटाफे से भिड़ने को तैयार भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम अपने पांचवें अभ्यास मैच में सेगोविया के ओटेरो डि हेरेरोस में गेटाफे सीएफ अंडर-18 टीम से भिड़ने को तैयार है। भारतीय टीम अगले महीने थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप की तैयारी के लिए पिछले कुछ हफ्तों से स्पेन में ट्रेनिंग कर रही है। एशियाई कप में भारत को ग्रुप डी में रखा गया है। भारतीय टीम 17 जून को वियतनाम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और फिर उज्बेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से भिड़ेगी। भारत अपने मुकाबले पाथुम थानी और बैंकॉक में खेलेगा। भारत ने अब तक दौरे पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए एटलेटिको डि मैड्रिड अंडर-17 (4-1), सीडी लेगानेस अंडर-18 (0-2), एटलेटिको डि मैड्रिड अंडर-16 (2-1) और रीयाल मैड्रिड अंडर-17 (3-3) के खिलाफ मैच खेले हैं। टीम की नजरें अब दौरे के अपने अंतिम दो मुकाबलों पर टिकी है जिसके बाद टीम जर्मनी में दो हफ्ते तैयारी करेगी। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा, ''पिछले कुछ मुकाबलों के बाद लड़के कड़ी मेहनत करने के लिए बेहद प्रेरित हैं, विशेषकर रीयाल मैड्रिड के खिलाफ नतीजे के बाद वे काफी सकारात्मक हैं।'' गेटाफे अंडर-18 के खिलाफ मुकाबला भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होगा विशेषकर शारीरिक तौर पर। फर्नांडिस ने कहा, ''बेशक इस स्तर पर कोई मैच आसान नहीं होता और गेटाफे अंडर-18 काफी अच्छी टीम है।

## आईपीएल: सूर्यकुमार के तूफान में उड़ी आरसीबी, मुंबई इंडियंस ने 6 विकेट से जीता मैच

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2023 के 54वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर(आरसीबी) को 6 विकेट से हरा दिया है। एक बार फिर मुंबई इंडियंस ने 200 रन के लक्ष्य का आसानी से पीछा किया। इसमें मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, नेहल वढेरा और ओपनर ईशान किशन ने अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ ही अंक तालिका में लंबी छलांग लगाते हुए मुंबई की फ्रेंचाइजी टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

अपने होम ग्राउंड पर बैंगलोर के दिए 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत तेजतर्रार रही और 5वें ओवर तक टीम का स्कोर 50 के पार था। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने ताबड़तोड़ 21 गेंदो में 42 रन जड़ डाले। ईशान को वनेन्दु हसरंगा ने विकेट के पीछे कैच आउट कराया। इसके तुरंत बाद कप्तान रोहित शर्मा भी पवेलियन



लौट गए। रोहित ने मात्र 7 रन बनाए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और नेहल वढेरा ने जो बल्लेबाजी की कि बैंगलोर के गेंदबाज सही लाइनलेंथ तक नहीं खोज पाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 64 गेंदों में 140 रन जोड़े। हालांकि सूर्यकुमार 35 गेंदों में 7 चौके और 6 छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हो गए। जबकि नेहल वढेरा ने जिम्मेदारी निभाते हुए टीम को 21 गेंद शेष रहते जीत दिलाई। नेहल 34 गेंदो में

**अपने होम ग्राउंड पर बैंगलोर के दिए 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत तेजतर्रार रही और 5वें ओवर तक टीम का स्कोर 50 के पार था। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने ताबड़तोड़ 21 गेंदो में 42 रन जड़ डाले। ईशान को वनेन्दु हसरंगा ने विकेट के पीछे कैच आउट कराया।**

52 रन बनाकर नाबाद रहे। बैंगलोर के लिए हसरंगा और विजय कुमार को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले, बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 199 रन का लक्ष्य खड़ा किया। बैंगलोर के लिए कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 65 और ग्लेन मैक्सवेल ने 68 की दमदार पारी खेली। जबकि विराट कोहली सिर्फ एक रन बना सके। आखिर के ओवरों में दिनेश कार्तिक ने 30 रन, केदार जादव ने 12 रन और हसरंगा ने 12 रन का योगदान किया। मुंबई के लिए जेसन बेहरनडार्फ ने तीन विकेट हासिल किए, जबकि कैमरून ग्रीम, कुमार कार्तिकेय और क्रिस जार्डन को एक-एक विकेट मिला।

## ईगल आई शूटिंग अकादमी प्रयागराज को ओवरऑल चैम्पियनशिप

**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग अकादमी प्रयागराज ने प्रयागराज ओपन डिस्ट्रिक्ट निशानेबाजी चैम्पियनशिप में 67 पदक लेकर ओवरऑल चैम्पियनशिप पर कब्जा जमा लिया। लखनऊ 22 पदक के साथ दूसरे एवं अयोध्या 16 पदक लेकर तीसरे स्थान पर रहा।

चैम्पियन ऑफ चैम्पियन के लिए इंडियन शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन रूल (आईएसएसएफ) पिस्टल वर्ग में लखनऊ के आदर्श, लखनऊ के ही ऋषभ और प्रयागराज की आफिया मुस्कान, नेशनल रूल (एनआर) में प्रयागराज के महेंद्र, अरुण व चंद्रजीत क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक जीता। राइफल के आईएसएसएफ में सुमंत (लखनऊ) ने स्वर्ण, शैलजा (प्रयागराज) ने रजत एवं मिहिर श्रीवास्तव (लखनऊ) ने कांस्य




पदक एवं एनआर में लखनऊ के किशन, प्रयागराज के वैभव आनंद एवं लखनऊ के आध्या ने क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीता।बालसन चौराहा स्थित संदेश अकादमी हॉल में मंगलवार को हुई प्रतियोगिता में राइफल वर्ग में शैलजा यादव ने तीन, मिहिर श्रीवास्तव ने दो तथा शिवांग राय, सार्थक, किशन, देवेंद, अक्षय प्रताप, अक्षिता, वैभव आनन्द ने एक-एक स्वर्ण पदक जीता।

पिस्टल वर्ग में दिव्यांशी ने दो, मुस्कान, श्रेया सिंह, अरुण सरोज, सरिता, अविनाश, क्रिश यादव, कृष्णा, प्रत्येय परेरा, फरहान जाफरी, कदीजा एवं दर्श पाण्डेय ने एक-एक स्वर्ण पदक जीता, शैलजा ने दो, अवधेश पटेल, महिमा, अक्षय प्रताप, प्रशान्त, महेंद्र यादव, शैली कुशवाहा, ओफिरा, अरमान, विष्णुप्रिया ने एक-एक रजत और अरमान व विष्णुप्रिया ने कांस्य पदक जीता।

मुख्य अतिथि न्यूरोसर्जन डॉ एसपीएस चौहान एवं विशिष्ट अतिथि संदेश अकादमी के संस्थापक रवि ने पुरस्कार वितरित किये। अकादमी के राइफल कोच फरीद सिद्दीकी ने अतिथियों का स्वागत एवं पिस्टल कोच विजय चंदेल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## Michael Hussey ने चेन्नई सुपर किंग्स के इस बल्लेबाज को कहा- विशिष्ट प्रतिभा

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने मंगलवार को कहा कि आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे विशिष्ट प्रतिभा का धनी है और अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट होने के कारण वह वर्तमान इंडियन प्रीमियर लीग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। हसी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वह (दुबे) विशिष्ट प्रतिभा का धनी है।

गेंद को सीमा रेखा के पार भेजने की उसकी क्षमता बेजोड़ है। उसके पास अभूतपूर्व ताकत है। वह हर समय अभ्यास करता रहता है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि टीम में उसकी भूमिका स्पष्ट है जैसा कि पिछले साल या इस साल के शुरू में नहीं था। उन्होंने कहा कि मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उसकी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं जिससे कि वह हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

## मुंबई इंडियंस की प्वाइंट टेबल में लंबी छलांग, इसके पास आई ऑरेंज-पर्पल कैप

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े के मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स पर बेहतरीन जीत हासिल कर प्वाइंट टेबल में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। मैच शुरू होने से पहले मुंबई आठवें स्थान पर थी। लेकिन एक जीत से ही उन्होंने बड़ी छलांग लगा दी। गुजरात टाइटंस अभी भी 11 मैचों में आठ जीत के साथ टॉप पर बनी हुई है। मुंबई की जीत अब लखनऊ, राजस्थान, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए झटका है। इन्हें अपने आगामी तीनों मैच जीतने होंगे और मुंबई के कम से कम एक मैच गंवाने की उम्मीद करनी होगी।

लखनऊ, राजस्थान, कोलकाता, बेंगलुरु और पंजाब ऐसी पांच टीमें हैं जोकि 11 मैच खेलकर पांच जीत हासिल कर चुके हैं। सभी टीमों के 3-3 मैच बाकी है। गुजरात और चेन्नई प्लेऑफ में जाते दिख रहे हैं लेकिन चौथे स्थान के लिए इन टीमों के बीच टक्कर होगी। जो टीमें लगातार तीन मैच जीतेंगी वह चौथे स्थान का दावा पेश कर सकती है।



IPL 2023 - Points Table

| Team | Mat | Won | Lost | Tied | NR | Pts | NRR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Gujarat Titans | 11 | 8 | 3 | 0 | 0 | 16 | +0.951 |
| Chennai Super Kings | 11 | 6 | 4 | 0 | 1 | 13 | +0.409 |
| Mumbai Indians | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 12 | -0.255 |
| Lucknow Super Giants | 11 | 5 | 5 | 0 | 1 | 11 | +0.294 |
| Rajasthan Royals | 11 | 5 | 6 | 0 | 0 | 10 | +0.388 |
| Kolkata Knight Riders | 11 | 5 | 6 | 0 | 0 | 10 | -0.079 |
| Royal Challengers Bangalore | 11 | 5 | 6 | 0 | 0 | 10 | -0.345 |
| Punjab Kings | 11 | 5 | 6 | 0 | 0 | 10 | -0.441 |
| Sunrisers Hyderabad | 10 | 4 | 6 | 0 | 0 | 8 | -0.472 |
| Delhi Capitals | 10 | 4 | 6 | 0 | 0 | 8 | -0.529 |

**ऑरेंज कैप : डुप्लेसिस अभी भी टॉपर**

डुप्लेसिस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलकर अपने पास ऑरेंज कैप बरकरार रखी है। डुप्लेसिस के अब 11 मैचों में 576 रन हो गए हैं। वह सीजन में छह अर्धशतक लगा चुके हैं। यशस्वी जायसवाल 11 मैचों में 477 रन बनाकर दूसरे तो शुभमन गिल 11 मैचों में 469 रन के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

**पर्पल कैप : शमी अभी भी टॉप पर**

मोहम्मद सिराज के लिए मुंबई के खिलाफ मैच में आगे बढ़ने का मौका था लेकिन वह विकेट लेने से चूक गए। इस लिस्ट में अभी भी तीन गेंदबाज मोहम्मद शमी, राशिद खान और तुषार देशपांडे टॉप पर बने हुए हैं। इसके बाद मुंबई इंडियंस के पीयूष चावला है जोकि 11 मैचों में 17 विकेट ले चुके हैं।

**सबसे ज्यादा चौके : जायसवाल टॉप पर**

जायसवाल सीजन में 62 चौके लगाकर टॉप पर बने हुए हैं। इसके बाद चेन्नई के डवेन कॉनवे का नाम है जिन्होंने 53 चौके लगाए हैं। फिर पंजाब किंग्स के शिखर धवन (49), शुभमन गिल (48) और डेविड वॉर्नर (46) का नाम है।

**सबसे ज्यादा छक्के : डुप्लेसिस सबसे आगे**

बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने सीजन में अब तक 32 छक्के लगाए हैं। उनके बाद बेंगलुरु के ही ग्लेन मैक्सवेल का नाम है जोकि 27 छक्के लगा चुके हैं। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दुबे (24), काइल मेयर्स (22) और रिंकू सिंह (21) का नाम आता है।

